आगे का रास्ता

यह कभी भी ठीक नहीं होता: यौन हिंसा और उत्पीड़न रोकने के लिए कार्य (IT'S NEVER OKAY: AN ACTION PLAN TO STOP SEXUAL VIOLENCE AND HARASSMENT) योजना के माध्यम से, हम अपनी ओर से एक ऐसे ओंटारियो का निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं जहाँ हर कोई सुरक्षा में और यौन हिंसा और उत्पीड़न के भय, डर या अनुभव के बिना रहता है। इस योजना में निम्न के लिए वचनबद्धताएँ शामिल हैं:

1 कार्यस्थल, परिसर, आवास पर यौन हिंसा और उत्पीड़न से संबंधित प्रावधानों को मज़बूत करने के लिए, और नागरिक दावा प्रक्रिया माध्यम से कानून पेश करना।

2 रवैयों को चुनौती देने, बलात्कार आचरण संबंधी व्यवहार में तुरंत परिवर्तन को बढ़ावा देने, और गहन रवैयों और व्यवहारों को ख़त्म करने के लिए लंबे समय तक पीढ़ीगत बदलाव को प्रोत्साहन देने के लिए पूरे ओंटारियो में सार्वजनिक शिक्षा और जागरूकता अभियान प्रारंभ करना।

3 अधिक संख्या में बचे हुए लोगों को यौन उत्पीड़न की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कानून लागू करने वाले प्राधिकरणों की ओर से सहानुभूतिशील और संवेदनशील प्रतिक्रिया का समर्थन करने के लिए साधन विकसित करना और सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों की पहचान करना।

4 आपराधिक न्याय प्रणाली से जूझ रहे बचने वाले लोगों के अनुभव में सुधार करने के लिए सहायता को बढ़ाना और मुकद्दमा चलाने का एक वर्धित मॉडल विकसित करना।

5 स्वस्थ संबंध और सहमति सहित, बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण मुद्दों को गहराई से समझने में वर्ग 1-12 के विद्यार्थियों की मदद करने के लिए स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को नवीनीकृत करना।

6 पूरे परिसर में, प्रशिक्षण, रोकथाम, शिकायत प्रणालियों और प्रतिक्रिया प्रोटोकॉलों सहित, यौन हिंसा और उत्पीड़न संबंधी नीतियाँ अपनाने के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए विद्यार्थियों के साथ मिलकर काम करना ज़रूरी बनाने के लिए कानून पेश करना।

7 बेहतरीन, उचित और समय पर देखभाल तक 24/7 पहुँच बनाए रखने के लिए अस्पताल-आधारित यौन एवं घरेलू हिंसा उपचार केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता को मज़बूत करना।

8 यौन हिंसा और उत्पीड़न से बचने वाले लोगों को बेहतर सहायता प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवाओं, शिक्षा और न्याय के क्षेत्रों में अग्रणी कार्यकर्ताओं के लिए आधुनिक प्रशिक्षण विकसित करना और अतिथि सत्कार के क्षेत्र में काम करने वालों को अत्यधिक जोखिम भरी परिस्थितियों में मदद करने का तरीका जानने में समर्थ बनाने हेतु उनके लिए प्रशिक्षण विकसित करना।

(अगले पृष्ठ पर जारी है)

Ontario

9 समुदाय-आधारित यौन उत्पीड़न केंद्रों के लिए पूँजी को स्थायी करना और उसे बढ़ाना।

10 यौन उत्पीड़न से बचने वाले उन लोगों को मुफ़्त स्वतंत्र कानूनी सलाह प्रदान करने के लिए एक प्रायोगिक कार्यक्रम तैयार करना जिनके मामले आपराधिक मुकद्दमे के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

11 महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के मुद्दों के संबंध में ओंटारियो को कैनेडा के भीतर प्रमुख बनाने के लिए एक स्थायी सभा की स्थापना करना।

12 यौन उत्पीड़न संबंधी मज़बूत नीतियाँ विकसित करने में नियोजकों की मदद करने के लिए एक कार्य संहिता स्थापित करने सहित, व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिनियम के अधीन प्रवर्तन को मज़बूत बनाने के लिए कार्यस्थल के नियम लागू करें।

13 एक रचनात्मक भागीदारी निधि की शुरुआत करना जो सहमति, बलात्कार-संबंधी आचरण और लैंगिक असमानता के मुद्दों पर वार्तालाप और संवाद उत्पन्न करने वाले प्रोजेक्ट्स विकसित करने में ओंटारियो के कलाकारों का समर्थन करती है।

!

सहायता के लिए, 211 पर कॉल करें या 211.CA देखें
अधिक जानकारी के लिए, ONTARIO.CA\ITSNEVEROKAY देखें